जागरण

# ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर नकली ऑटो पार्ट्स बेचने वाले 11 गिरफ्तार, असली की हूबहू कॉपी करते थे तैयार




**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली।** राजधानी में पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों के नकली ऑटोमोबाइल पार्ट्स बनाकर बेचने वालों के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में 11 शातिरों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस उनके पास से 19 लाख रुपये नकद भी बरामद किये हैं। आगे की जांच की जा रही है।

इस संबंध में जारी बयान के अनुसार, क्राइम ब्रांच की आईएससी इकाई ने नकली ऑटोमोबाइल स्पेयर पार्ट्स के रैकेट के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इस ऑपरेशन में तीन प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनियों के नाम और पैकेजिंग के साथ बड़ी मात्रा में नकली स्पेयर पार्ट्स जब्त किए गए हैं।

Source: https://www.jagran.com/delhi/new-delhi-city-ncr-fake-auto-parts-racket-busted-in-delhi-11-arrested-23997688.html